भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2558
दिनांक 22 **दिसंबर**, 2022

इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल कार्यक्रम

†2558.**श्री संगम लाल गुप्ता**:
श्री पी.पी.चौधरी:
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:
डॉ. रमापति राम त्रिपाठी:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम अभी भी कार्यशील है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस सम्मिश्रण को दस प्रतिशत से अधिक बढ़ाने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार की किसानों से इथेनॉल क्रय को बढ़ाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (ग): सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2021-22 के दौरान पेट्रोल में 10% से अधिक एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। सरकार ने राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति, 2018 को संशोधित किया है, जिसके चलते वर्ष 2030 में पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण के हासिल किए जाने वाले लक्ष्य को घटाकर ईएसवाई 2025-26 कर दिया गया है। ओएमसीज द्वारा इस कार्यक्रम के तहत मिश्रण हेतु गन्ना और खाद्यान्न आधारित फीडस्टॉकों से एथेनॉल की अपेक्षित मात्रा की अधिप्राप्ति तदनुसार पंजीकृत बोलीदाताओं/आपूर्तिकर्ताओं से की जाती है।

****